**NEWS CLIPPING:16.12.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University organizes Health Awareness Session

Narendra Bhardwaj
info@impressivetimes.com

**FARIDABAD:** With a view to creating awareness about health issues, the Health Centre of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad in collaboration with Fortis Escorts, Faridabad organized a one-day Health Awareness program. Under the program, health awareness talks on various health issues by a team of specialized doctors and a session on First Aid and Basic Life Support Training were conducted for the benefit of staff and students of the University. The session was presided over by the Dean (Institutions) Prof. Sandeep Grover and it was coordinated by Health Officer Dr. Ankur Sharma.



***Dr. Kamal Gupta, Principal Cardiology Consultant spoke on the topic 'Changes in Lifestyle Management and their Effects on Human Body'. He emphasized on nutritious diet and regular exercise to lead a healthy life. He also gave useful tips for a healthy lifestyle.***

During the health talk, Dr. B D Pathak, a Laparoscopic and Bariatric Surgeon, gave an impressive talk on obesity treatment and its prevention. He spoke about how obesity can be prevented by adopting a healthy lifestyle. Dr. Kamal Gupta, Principal Cardiology Consultant spoke on the topic 'Changes in Lifestyle Management and their Effects on Human Body'. He emphasized on nutritious diet and regular exercise to lead a healthy life. He also gave useful tips for a healthy lifestyle. A session on First Aid and Basic Life Support Training was also conducted by General Physician Dr. Supradip Ghosh. He gave hands-on training on Cardiopulmonary Resuscitation (CPR) to the students and staff members. He also conducted a test to evaluate the awareness of students on First Aid and BLS. At the end of the program, Dr. Ankur Sharma proposed a vote of thanks.

**NEWS CLIPPING:16.12.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस में स्वास्थ्य जागरुकता सत्र का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वास्थ्य** संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता लाने करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के चिकित्सा केन्द्र द्वारा फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, फरीदाबाद के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता और प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी जीवन समर्थन प्रशिक्षण पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसका विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों के लाभ उठाया। सत्र की अध्यक्षता डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर ने की तथा सत्र का संचालन विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा द्वारा किया गया। सत्र के दौरान लेप्रोस्कोपिक और बेरियाट्रिक सर्जन डॉ बी.डी. पाठक ने मोटापे से होने वाली बीमारियों तथा इसके उपचार और रोकथाम पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर मोटापे से बचा जा सकता है। प्रिंसिपल कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. कमल गुप्ता ने जीवनशैली प्रबंधन में बदलाव और मानव शरीर पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने स्वस्थ जीवन जीने के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम पर बल दिया। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए। जनरल फिजिशियन डॉ. सुप्रदीप घोष द्वारा प्राथमिक चिकित्सा और बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण पर सत्र का संचालन किया।




**जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्जन डॉ. बीडी पाठक का स्वागत करते प्रो. संदीप ग्रोवर।**

**NEWS CLIPPING:16.12.2022**

# AAJ SAMAJ

## विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता लाने करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के चिकित्सा केन्द्र द्वारा फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, फरीदाबाद के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता और प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी जीवन समर्थन प्रशिक्षण पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसका विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों के लाभ उठाया। सत्र की अध्यक्षता डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर ने की तथा सत्र का संचालन विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा द्वारा किया गया। सत्र के दौरान लेप्रोस्कोपिक और बेरियाट्रिक सर्जन डॉ बीडी पाठक ने मोटापे से होने वाली बीमारियों तथा इसके उपचार और रोकथाम पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर मोटापे से बचा जा सकता है। प्रिंसिपल कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. कमल गुप्ता ने जीवनशैली प्रबंधन में बदलाव और मानव शरीर पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने स्वस्थ जीवन जीने के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम पर बल दिया। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए। जनरल फिजिशियन डॉ. सुप्रदीप घोष द्वारा प्राथमिक चिकित्सा और बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण पर सत्र का संचालन किया। उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा और बीएलएस पर विद्यार्थियों की जागरूकता का मूल्यांकन भी किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अंकुर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**NEWS CLIPPING:16.12.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# कौशल, नवाचार व अनुसंधान पर ध्यान दें विद्यार्थी : तोमर

## टेक्नोवा में रोबोट फुटबॉल खेलते हुए, दौड़ लगाते हुए दिखाई दिए



**जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर टेक्नोवा का उद्घाटन करते समय।**

**हाड़ौती अधिकार**

सोनीपत, 15 दिसंबर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि विद्यार्थी कौशल, नवाचार और अनुसंधान पर विशेष ध्यान दे। कौशल, नवाचार और अनुसंधान के माध्यम से हम दूसरों के लिए रोजगार पैदा कर सकते हैं। विज्ञान एवं तकनीक का सदुपयोग करके हम अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की तरफ कदम बढाएं। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में टेक्नोवा प्रारंभ हुआ। टेक्नोवा का उद्घाटन कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजेंद्र कुमार अनायत ने की।

**उंगली की तरंगों के माध्यम से मूक व्यक्ति की बात ऐप पर लिखी जाएगी बनाया प्रोटो टाइप**

कुलपति प्रो.राजेंद्र कुमार अनायत ने कहा कि टेक्नोवा के माध्यम से विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है। टेक्नोवा में विद्यार्थियों ने अपने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए,जिसके माध्यम से मानव जीवन का सरल बनाया जा सकता है। टेक्नोवा में थिंक्स बोट्स नामक सोसाइटी ने रोबोट पर अपनी प्रस्तुति दी। रोबोट फुटबॉल खेलते हुए दिखाई दिए। इसके अतिरिक्त टेक्नोवा में रोबो रेस, जिसमें रोबोट्स को अलग अलग चुनौतियां पार करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचना है।

पीआईटी, पानीपत से टेक्नोवा में भाग लेने आए रोहित दूहन, रोहन दूहन,शौर्य प्रताप सिंह, आदित्य व आनंद ने हैंड जेस्चर वोकलाइजर नामक प्रोटोइप बनाकर लाए हुए थे। एप पर व्यक्ति का संदेश लिखा भी जाएगा व बोला भी जाएगा। विद्यार्थियों ने इसका प्रोटोटाइप में बनाया है। इलेक्ट्रिक चार्जर सोसायटी में लगाए जाएं, ताकि इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करने वाले को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। पौधे भी लगाए जाएं। परीक्षा नियंत्रक डा.एम.एस.धनखड़, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो.आर.सी.नौटियाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.,सुखदीप सिंह, प्रो.नवनीत हुड्डा, प्रो.सतीश खासा, प्रो.मनोज दूहन, प्रो.सुमन लता,प्रो.दिनेश सिंह, प्रो.सुमन सांगवान, डा.प्रदीप सिंह, कोर्डिनेटर डा.राजेश्वर दास व कोर्डिनेटर डा.ममता भगत आदि उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:16.12.2022**

# HINDUSTAN

## कुलपति ने खिलाड़ी को बधाई दी

फरीदाबाद। पिछले दिनों भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम चमकाने वाले जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के छात्र जतिन चौधरी ने गुरुवार को कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। जतिन विश्वविद्यालय में एमए अंग्रेजी के छात्र है, जिसने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप की सीनियर कैटेगरी में 50 मीटर फ्री पिस्टल इवेंट में रजत पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक समेत दो पदक जीते हैं। कुलपति ने जतिन को उपलब्धि के लिए बधाई दी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING:16.12.2022**

# AMAR UJALA

## कुलपति ने जतिन को राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए दी बधाई

**फरीदाबाद।** भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में जेसी बोस विश्वविद्यालय के छात्र जतिन चौधरी ने रजत पदक जीता है। लौटने पर जतिन का स्वागत कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने किया। जतिन विश्वविद्यालय के एमए अंग्रेजी के छात्र हैं। जतिन ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के वरिष्ठ वर्ग में 50 मीटर फ्री पिस्टल इवेंट में रजत पदक जीता। इस वर्ग में 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक समेत दो पदक जीते। प्रो. तोमर ने जतिन की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की। इस अवसर पर प्रो. संदीप ग्रोवर, डॉ. पवन सिंह, डॉ. शिल्पा सेठी, डॉ. सोनिया, खेल अधिकारी डॉ. सुनीता उपस्थित रहीं। संवाद